पेज थ्री
देहरादून
देहरादून, शनिवार 2 नवंबर, 2019
पेज 8

कांग्रेस कार्यकर्ता सहायक श्रमायुक्त का घेराव करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कैबिनेट मंत्री का सोशल मीडिया अकाउंट हैक

**(संवाददाता)** देहरादून। विदेश गए उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक के सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो गए हैं। मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी सुमित भार्गव ने इसकी शिकायत एसएसपी से की है। जानकारी के मुताबिक 30 अक्टूबर को रात लगभग 2.30 बजे कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक के फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम एवं जीमेल अकाउंट हैक किए गए। इसका पता चलते ही एसएसपी देहरादून अरुण मोहन जोशी को पत्र लिखकर, कानूनी कार्रवाई करने हेतु कहा गया।

### सीएसआईआर–भारतीय पेट्रोलियम संस्थान में 8 सप्ताह का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**(संवाददाता)** देहरादून। भारतीय पेट्रोलियम संस्थान देहरादून में 28 अक्टूबर से 20 दिसंबर तक पेट्रोलियम परिष्करण प्रौद्योगिकी तथा पेट्रो रसायन पर 8 सप्ताह का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संस्थान के कार्यकारी निदेशक अमर कुमार जैन ने इस प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण में लगभग 15 देश जिनमें मुख्यतः अफ्रीकी देशों जैसे के इथोपिया, नाइजर, तंजानिया, घाना, सुडान, इजिप्ट तथा कोलंबिया शामिल हैं के विदेशी सरकारी प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

### छात्रवृत्ति घोटाले में गिरफ्तार हुए संयुक्त निदेशक ने उगले कई नाम

**(संवाददाता)** देहरादून। छात्रवृत्ति घोटाले में गिरफ्तार हुए संयुक्त निदेशक गीताराम नौटियाल ने पूछताछ में विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारियों के नाम उगले हैं। इनमें कुछ अधिकारी रिटायर्ड भी हो चुके हैं। एसआइटी अब उनकी भूमिका का सत्यापन करेगी। बहुत जल्द विभाग के कुछ और अधिकारी व कर्मचारियों की भी गिरफ्तारी हो सकती है। 'अनुराग शंखधर की तरह ही गीताराम नौटियाल भी हरिद्वार और दून जिले में समाज कल्याण विभाग के अधिकारी रह चुके हैं।

### आयुर्वेद कॉलेज स्टूडेंट्स का आंदोलन जारी

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तराखंड के 13 प्राइवेट आयुर्वेद कॉलेज के स्टूडेंट्स का धरना जारी है। इन स्टूडेंट्स का कहना है कि कॉलेज बढ़ी हुई फीस लेकर मनमानी कर रहे हैं जो गलत है। एक महीने से देहरादून के परेड ग्राउंड में धरने पर बैठे स्टूडेंट्स के साथ अब पेरेंट्स भी धरने पर बैठे गए हैं। स्टूडेंट्स ने अब मामले का हल निकालने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुहार लगाई है और राज्य सरकार पर जानबूझकर मामले को न सुनने का आरोप लगाया है। स्टूडेंट्स के धरने में अब कांग्रेस भी कूद गई है।

## हाईकोर्ट ने दिए केंद्र, राज्य के उडयन विभाग को नोटिस

नोटिस

■ तीन हफ्तों के भीतर जवाब दाखिल करने का आदेश

देहरादून। **(संवाददाता)**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने फिर उस मुद्दे का संज्ञान लिया जिसे राज्य सरकार और नागरिक उडयन मंत्रालय लापरवाही में या जानबूझकर नजरअंदाज कर रहे हैं।

नैनीताल हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हैरिटेज एविएशन द्वारा सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर उड़ाए जा रहे विमानों पर गम्भीर रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने केन्द्र और राज्य सरकार के उड्डयन विभाग के सचिवों के साथ ही नगर विमानन सुरक्षा ब्यूरो, एयरपोर्ट अथॉरिटी इण्डिया के चेयरमैन, पिथौरागढ़ स्थित नैनी–सैनी एयरपोर्ट के मैनेजर और हैरिटेज एविएशन के निदेशक को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सभी पक्षकारों को तीन हफ्तों के भीतर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

हाल ही में उत्तराखंड के पंतनगर और पिथौरागढ से हवाई सेवा शुरु की गई है। उड़ान योजना के तहत पिथौरागढ़ और देहरादून, देहरादून और पंतनगर, पिथौरागढ़ और गाजियाबाद के लिए विमान सेवा शुरु की गई है। देहरादून से पिथौरागढ़ और पिथौरागढ़ से गाजियाबाद हवाई सेवा के लिए हैरिटेज एविएशन का चयन किया गया है।

हाईकोर्ट में दायर गणेश उपाध्याय की जनहित याचिका में बताया गया है कि हैरिटेज एविएशन की पंतनगर–पिथौरागढ़ फ्लाइट के दौरान हवाई जहाज का दरवाजा हवा में खुल गया था और एक बड़ा हादसा टला था। इसके बाद दिल्ली से पिथौरागढ़ के लिए उड़ान भरते समय हैरिटेज एविएशन के लैंडिंग व्हील जाम हो गए थे जिसके बाद वह उड़ान कैंसिल करनी पड़ी थी।

**कम्पनी का लाइसेंस किया जाए निरस्त**

याचिका में कहा गया है कि हैरिटेज एविशन जिन विमानों का इस्तेमाल कर रही है वे 1990 में अमेरिका में बने थे और 1995 में बंद हो गए थे लेकिन इनके नाम बदलकर इन्हें राज्य में उड़ाया जा रहा है। याचिका में मांग की गई है कि इस कम्पनी का लाइसेंस निरस्त किया जाए और कम्पनी पर जुर्माना लगाया जाए ताकि राज्य में बड़ा हादसा होने से बचाया जा सके।

## कांग्रेसियों ने किया सहायक श्रमायुक्त का घेराव

**(संवाददाता)** देहरादून। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में महानगर कांग्रेसजनों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने उप श्रमायुक्त कार्यालय में सहायक श्रमायुक्त जोशी से मुलाकात कर उन्हें मजदूर वर्ग की समस्याओं से अवगत कराते हुए विभिन्न समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन प्रेषित किया। सहायक श्रमायुक्त को सौंपे ज्ञापन में महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि श्रम विभाग की दोषपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण नीतियों के कारण श्रमिक परिवारों को इन कमियों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है तथा श्रमिक वर्ग में भारी रोष व्याप्त है। विभागीय कर्मचारियों द्वारा श्रमिकों के पंजीकरण का राजनीतिकरण किया जा रहा है। अतः इसका दायरा पूरे जनपद के सुदूर क्षेत्रों तक बढ़ाया जाए।

# सड़क दुर्घटना में कमी लाना हमारी जिम्मेदारी

बैठक

सड़क दुर्घटना रोकने को परिवहन, पुलिस व लोनिवि आपसी समन्वय से कार्य करें: परिवहन मंत्री

राज्य सड़क सुरक्षा परिषद विषय के संबंध में बैठक

**(संवाददाता)**

देहरादून। प्रदेश के परिवहन मंत्री यशपाल आर्य ने विधान सभा सभा कक्ष में राज्य सड़क सुरक्षा परिषद विषय के संबंध में बैठक की। उन्होंने इस विषय पर आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए पुनः आगामी बैठक दिसम्बर माह में करने के निर्देश दिया। राज्य सड़क सुरक्षा परिषद विषय पर बैठक लेते हुए उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में कमी लाना हमारी बाध्यता ही नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है। सड़क दुर्घटना रोकने के लिए परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।



परिवहन मंत्री यशपाल आर्य राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक लेते हुए।

बैठक में दुर्घटना रोकने के विभिन्न उपायों पर चर्चा करते हुए दुर्घटना क्षेत्र के एसडीएम की मजिस्ट्रेट रिपोर्ट का अध्ययन करने का निर्देश दिया गया एवं कहा गया कि पर्वतीय क्षेत्रों में सड़क निर्माण के कार्य के पूर्व आस–पास के क्षेत्रों का सर्वे करा लिया जाए। ओवर स्पीड नियंत्रण के लिए साईन एज लगाना, गति रोधक लगाना इत्यादि के लिए आवश्यकता पड़ने पर सी.एस.आर. से फण्ड का प्रबन्ध किया जाए। यह भी निर्देश दिया गया कि प्रत्येक जनपद में ट्रैफिक अवेयरनेस सेन्टर की स्थापना के लिए जिलाधिकारी को अपेक्षित भूमि किया जाए। इस हेतु अभी तक टिहरी, उत्तरकाशी में परिवहन विभाग को भूमि आवंटित किया गया है तथा हरिद्वार में उपलब्ध भूमि पर ट्रैफिक पार्क बनाने हेतु होंडा ग्रुप से वार्ता चल रही है।

बैठक में निर्देश दिया गया कि सड़क सुरक्षा कोष के अन्तर्गत आवंटित धनराशि से प्राथमिकता के आधार पर सड़क सुरक्षा उपकरणों, इंटर सेप्टर, एल्कोमीटर, क्रेन, रिकबरी वैन, सीसीटी कैमरा क्रय में व्यय किया जाए। इसके अतिरिक्त सड़क संबंधी अभियंताओं को रोड सेफ्टी प्रशिक्षण का प्रबन्ध किया जाए ताकि दुर्घटना मुक्त सड़क का निर्माण हो सके। बैठक में बताया गया कि हैलमैट न लगाने और सीट बेल्ट न लगाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने की प्रवृत्ति को रोकने के लिए विशेष रणनीति बनाकर प्रवर्तन कार्रवाई की जाय। यह भी कहा जाए स्कूली वाहन मानक के अनुसार चलाये जाने हेतु स्कूल कॉलेजों में जाकर जागरूकता अभियान चलाये जाए।

इस अवसर पर सचिव परिवहन शैलेश बगोली, आयुक्त गढ़वाल मंडल रविनाथ रामन, डी. आई.जी. अजय रौतेला, सचिव (प्रभारी) स्वास्थ्य डॉ. पंकज पांडेय, अपर परिवहन आयुक्त सुनीता सिंह, अपर सचिव आबकारी एच.सी. सेमवाल, अपर सचिव वित्त पी.सी. खरे एवं लोक निर्माण विभाग एवं परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## नामांकन प्रक्रिया से लेकर मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया को लेकर डीएम ने की बैठक

**(संवाददाता)** देहरादून। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) सी रविशंकर ने शिविर कार्यालय में जिला पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों एवं क्षेत्र पंचायतों के प्रमुखों, ज्येष्ठ उप प्रमुखों तथा कनिष्ठ उप प्रमुखों के पदों पर निर्वाचन प्रक्रिया को शान्तिपूर्वक, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान मास्टर ट्रेनर प्रवीण गोस्वामी द्वारा सभी एआरओ को नामांकन प्रक्रिया से लेकर मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया के सम्बन्ध में आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन की समस्त प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु नामांकन से लेकर मतदान प्रक्रिया तक सम्पूर्ण कार्य हेतु सम्बन्धित कक्षों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देश दिये मतदान के दौरान ''मतदान कक्ष में मोबाईल फोन, पेन/कलम एवं इलैक्ट्रानिक गैजेट पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। निर्देशों का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी'' के निर्देश मतदान परिसर में चस्पा करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से अपनी शंकाओं का समय रहते समाधान करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।

In a Digital World Why To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी
सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०- 0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं० UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।